# मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग

रेसीडेन्सी क्षेत्र – इन्दौर

क्रमांक 10305/57/2024/चयन इन्दौर दिनांक 29 OCT 2024

## //विज्ञप्ति//

## राज्य वन सेवा परीक्षा–2023 के साक्षात्कार आयोजन संबंधी सूचना ।

आयोग द्वारा विज्ञापन क्र. 33/2023 दिनांक 06.10.2023 एवं शुद्धिपत्रादि अनुसार मध्य प्रदेश शासन वन विभाग के तहत राज्य वन सेवा परीक्षा 2023 के अंतर्गत **सहायक वन संरक्षक के कुल–14 (UR-04, SC-02, ST-02, OBC-04, EWS-02) एवं वन क्षेत्रपाल के कुल–126 (UR-00, SC-54, ST-72 OBC-00, EWS-00)** रिक्त पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन जारी किया गया है उक्त पदों के ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किए जाने की अंतिम तिथि 08.11.2023 निर्धारित थीं । उक्त पदों के मुख्य भाग 87–प्रतिशत एवं प्रावधिक भाग 13–प्रतिशत के आधार पर पदों का विभाजन शुद्धिपत्र क्रमांक 02/33/2023, दिनांक 15.01.2024 द्वारा आयोग की वेबसाइट पर जारी किया गया हैं ।

2/ निर्देशानुसार सूचित किया जाता हैं कि **राज्य वन सेवा परीक्षा–2023 के साक्षात्कार आयोग कार्यालय में दिनांक 21.11.2024 से आयोजित किए जाना सुनिश्चित किए गए हैं ।**

3/ उपरोक्त पद हेतु आयोग द्वारा योग्य आवेदक, साक्षात्कार पत्र आयोग की वेबसाइट www.mppsc.mp.gov.in से दिनांक **14.11.2024** से डाउनलोड कर सकते हैं । राज्य वन सेवा परीक्षा 2023 पद हेतु सहायक वन संरक्षक एवं वन क्षेत्रपाल पद की अग्रमान्यता साक्षात्कार दिवस को आयोग कार्यालय में ऑनलाइन प्रस्तुत करने की सुविधा आवेदकों को प्रदान की जाएगी । एक बार भरी गई पदों की अग्रमान्यता को किसी भी स्थिति में बदलने की सुविधा प्रदान नहीं की जाएगी ।

4/ अंतिम चयन परिणाम घोषित होने के पश्चात, नियुक्ति पूर्व विभाग द्वारा निर्धारित चिकित्सा मंडल द्वारा उम्मीद्वारों की ऊँचाई एवं सीने के मापदंड लिए जाएगे तथा उम्मीद्वारों की श्रवण शक्ति, दृष्टि एवं वन विभाग में बाह्य सेवा (आऊट डोर वर्क) हेतु न्यूनतम शारीरिक मापदंड का परीक्षण पृथक से किया जाएगा । जो अभ्यर्थी शारीरिक मापदण्ड को पूरा करने में अथवा शारीरिक क्षमता परीक्षण मेडिकल परीक्षण में असफल होते है, उनका चयन शासन द्वारा निरस्त किया जा सकेंगा ।

5/ साक्षात्कार हेतु आमंत्रित आवेदकों को निर्देशित किया जाता है कि साक्षात्कार दिवस को **प्रातः 09:30** बजे आयोग कार्यालय में अपनी उपस्थिति अनिवार्य रूप से दर्ज कराना सुनिश्चित करें । समस्त आवेदक साक्षात्कार पत्र में दर्शित शर्तो का गहनता से परीक्षण कर उसका पालन करना सुनिश्चित करें ।

उप परीक्षा नियंत्रक